महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2023 / 1577–1582 दिनांकः–29.05.2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महा0ज्यो0फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषयः–दिनांक 01 जुलाई, 2023 से 21 अगस्त, 2023 तक राष्ट्रीय स्तर पर छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों की प्रतिभागिता के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–217 / सत्तर–रा0से0या0को0–2023, दिनांक 26 मई, 2023 के सन्दर्भ में अवगत कराना है। कि विश्वविद्यालय / महाविद्यालय की रा0से0यो0 ईकाईयों के स्वंयसेवकों–स्वयंसेविकाओं द्वारा दिनांक 01 जुलाई, 2023 से 21 अगस्त, 2023 तक राष्ट्रीय स्तर पर छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को प्रतिभाग किया जाना अपेक्षित है। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूक के प्रति जागरूक किया जना है। जिनके अन्तर्गत पर्यावरण से संबंधित विषय निम्नवत् हैः–

1. जल प्रबन्धन।
2. प्लास्टिक और बायोडिग्रेडेबल सामग्री के उपयोग का उन्मूलन।
3. वृक्षारोपण।
4. प्राकृतिक संसाधनों का पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण।
5. शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन।
6. जागरूकता अभियान।

उपरोक्त विषयान्तर्गत समेकित करते हुए स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाईन माध्यम से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। उक्त प्रतियोगिता में रा0से0यो0 स्वयंसेवकों द्वारा अलग–अलग समूह में प्रतिभाग किया जाना है।

**पंजीकरण प्रक्रियाः–**

स्वयंसेवकों द्वारा ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु लिंक दिनांक 01 जुलाई, 2023 से 21 अगस्त, 2023 तक खुली रहेगी। पंजीकरण लिंक https://ecomitram.app/nspc23 प्रतिभागी लिंक पर जाकर प्रतिभाग कर सकते हैं। परिणाम 27 अगस्त, 2023 को लिंक–https://ecomitram.app/nspc23/results पर देखा जायेगा। उक्त लिंक हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध रहेगा।

**पंजीकरण शुल्क–**

प्रतिभागी कृपया अपने घर पर किसी भी पौधे के 10 बीज दिखाएं और दिए गए लिंक पर फोटो अपलोड करें–https://ecomitram.app/nspc23

**पुरस्कारः–**

प्रतिभाग करने वाले स्वंयसेवकों को एक ई–प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

उक्त के सन्दर्भ में आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की रा0से0यो0 ईकाईयों के स्वंयसेवकों–स्वयंसेविकाओं द्वारा दिनांक 01 जुलाई, 2023 से 21 अगस्त, 2023 तक राष्ट्रीय स्तर पर छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करें। साथ ही उक्त के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही की विस्तृत आख्या, फोटोग्राफ्स/प्रमाण पत्र, वीडियों, पेपर कटिंग आदि इस कार्यालय की ई मेल आई0डी0 nssmjprubly@gmail.com पर भेजने का कष्ट करें। जिससे की शासन को ससमय आख्या प्रेषित की जा सकें।

**संलग्नक–यथोक्त।**

भवदीय

प्रो0सोमपाल सिंह
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ।
3. राज्य सम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक उच्च शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन लखनऊ।
4. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
5. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइड पर अपलोड करने हेतु।

29/5/2023

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना